## एक नजर में

### गिरनार तीर्थ की भाव यात्रा करने से अनेक कर्मों का नाश होता है

**खाचरौद।** प्रभु नेमीनाथ का जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन रविवार को श्री राजेन्द्र सूरी जैन पोषध शाला में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी सुपार्श्व निधि आदि ठाणा 4 की निश्रा में सुबह पौषधशाला में प्रभु नेमीनाथ की प्रतिमा स्थापित कर सुसज्जित मंच पर विराजित कर बहु परिषद द्वारा गवली एवं बालिका परिषद द्वारा रंगोली बनाई गई एवं तरुण परिषद के सदस्यों पुष्पों द्वारा सजाया गया। यह भाव यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर साध्वी जी ने कहा कि गिरनार तीर्थ की भाव यात्रा करने से अनेक भवों के कर्म नष्ट होकर हमारी आत्मा पवित्र होकर मोक्ष को प्राप्त करती है। मुंबई से पधारे ईशान भाई डोशी ने गिरनार तीर्थ की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। एवं साथी भाई कवयन शाह मुंबई के द्वारा संपूर्ण तीर्थ की महिमा का गुणगान संगीत के साथ किया और भाव यात्रा संपन्न करवाई। मुबई से पधारे संगीतकार का बहुमान श्री संघ एवं श्री सज्जाय चातुर्मास समिति द्वारा शाल ,श्रीफल, के द्वारा किया जिसमे राजेश सेठिया, संदीप मांडोत् शरद बोराणा, मनीष मेहता, कपिल सियाल, नवीन गादीया, राजेन्द्र मोदी, नमित वनवट, आस्तिक बाठीया, भव्य चंडालिया, ओजसव बुरड, पार्थ वनवट, पंकज औरा, सहित कल्याण मित्र उपस्थित रहे।

### पीएम के मन की बात को सुनाया गया

**खाचरौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124 वां एपिसोड को नगर मंडल के बुथ क्रमांक 199, वार्ड क्रमांक 8 में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर सुना और इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मोदी ने मन के कार्यक्रम के जरिए लोगों से रूबरू होकर देश के सामने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य राधेश्याम बंबोरिया, कार्यक्रम प्रभारी विनोद चतुर्वेदी, बुथ अध्यक्ष राहुल बंबोरिया, क्षेत्र की भाजपा पार्षद श्रीमती गोदावरी बंबोरिया,प्रदीप व्यास, सहित अन्य उपस्थित थे।

### मोदी की मन की बात महिला कावड़ यात्रियों के साथ सुनी



**बड़नगर।** मां भगवती महिला मंडल कावड़ यात्रा भाजपा जिला मंत्री रेखा राठौर की अगवानी में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या के द्वारा खाटू श्याम मंदिर शिक्षक कॉलोनी से ध्वजा पूजन के साथ प्रारंभ हुई! भाजपा नगर मंडल ने पुष्प वर्षा कर शिवाजी चौराहा पर स्वागत किया! इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा रेडियो संदेश के माध्यम से की जा रही मन की बात कार्यक्रम को अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में महिला कावड़ यात्रियों के साथ विधायक पंड्या की उपस्थिति में जय स्तंभ चौक पर सुना गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमित राठौड , महामंत्री अंकित त्रिवेदी, जगन्नाथ मालवीय, नपा उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अंकित दवे, मंत्री लता शर्मा, लोकेंद्र सिंह पवार, विनीता वाघेला, आशुतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष पोरवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद साजिद अली, जफर मंसूरी, सिराज भाई बोहरा, बहादुर बादशाह, रामप्रसाद राठौर, अक्षय भाटी, शुभम आचार्य, आदित्य सिंह राणावत, हर्ष बना, अमर खूंटवाल, राजकुमारी निंबोला व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### घट्टिया व झीतरखेड़ी से निकली कलश कावड़ यात्रा



**घट्टिया ।** श्रावण मास में घट्टिया व झीतरखेड़ी से कलश कावड़ यात्रा महाकाल मंदिर उज्जैन महाकाल का अभिषेक करने निकली। घट्टिया के मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से व झीतरखेड़ी में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण से विशाल कलश कांवड़ यात्रा बड़ी धूमधाम ढोल मृदंग झांझ मंजीरा से निकाली गई। कलश कावड़ यात्रा में महिलाए लाल रंग की चुनरी पहनकर व पुरुष धोती कुर्ता कंधे पर कावड़ लेकर निकले। कलश कांवड़ यात्रा का ग्रामीण जनों द्वारा भव्य दिव्य स्वागत किया गया। कलश कांवड़ यात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई मनकामनेश्वर महादेव मंदिर व डुण्डेश्वर महादेव मंदिर पर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भोजन महाप्रसादी सामूहिक भण्डारे का आयोजन किया गया ।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ



**तराना।** विधानसभा-क्षेत्र तराना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ोन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अंतर्गत 5 .73 करोड़ की लागत राशि के 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन उन्नयन एवं निर्माण कार्य का शुभारंभ उज्जैन आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया व ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष श्री राजेश धाकड़ ने किया।

### नशा मुक्त अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक

**माकड़ोन।** नगर परिषद माकड़ौन अध्यक्ष आशा गोकुल राठौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैलाश चंद्र कर्मा की निगरानी में एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी विकास कुमार साहू के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर नगर परिषद की सहयोगी संस्था ने स्वच्छ भारत अभियान एवं नशा मुक्त समाज के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। कलाकारों ने बताया गया की नशा स्वास्थ्य का नाश करता है। साथ ही घर परिवार एवं समाज में भी आपकी छवि को धूमिल करता है। जिस परिवार का कोई सदस्य या मुखिया नशे का आदि होता है वह परिवार अनेक परेशानियों में घिर जाता है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में नागरिक, कन्या माध्यमिक स्कूल की छात्राएं एवं संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट से शीना हुसैन, अनुराग सारविया, रोहित तिवारी, राजकुमार अकेला, इशू भेरवे, विकास मालवीय, पूजा देवड़ा उपस्थित रहे।

### टैंकर और दो मुक्ति वाहन सांसद ने दिए

**माकड़ोन।** विधानसभा-क्षेत्र तराना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ोन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अंतर्गत 5 .73 करोड़ की लागत राशि के 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन उन्नयन एवं निर्माण कार्य का शुभारंभ सांसद अनिल फिरोज़िया, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ की उपस्थिति में किया गया। माकड़ोन एवं इसके आसपास 58 गांव के लिए एक बड़ी सौगात मुख्यमंत्री एवं सांसद फिरोजिया के अथक प्रयासों से बनाकर जनता को समर्पित किया गया। अब यहां पर इलाज से संबंधित समस्त व्यवस्था माकड़ोन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध होगी। साथ ही सांसद ने अपनी निधि से विभिन्न ग्राम पंचायत को टैंकर वितरण एवं नगर परिषद माकड़ोन तथा नगर परिषद तराना को दो मुक्ति वाहन का वितरण किया गया। आयोजन में नाहर सिंह, अजीता परमार, आशा गोकुल राठौर, वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता साथी आमजन उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भव्य मशाल रैली आयोजित

**नागदा। देश की अस्मिता, गौरव और वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई की शाम भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल, नागदा द्वारा वीर शहीदों की स्मृति में एक भव्य मशाल रैली का आयोजन किया गया।**



इस आयोजन का उद्देश्य कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना था। शाम 7 बजे रैली का शुभारंभ पंडित दीनदयाल चौक से जय हिंद और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। रैली रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, ओझा मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए कन्याशाला चौराहा पहुंची, जहां यह एक सभा के रूप में परिणत हुई। रैली में भूतपूर्व सैनिक भी सम्मिलित हुए, सैनिकों के सम्मान में पुष्प वर्षा कर जय घोष किया। रैली के मार्ग पर पुष्प वर्षा कर नगर वासियों द्वारा स्वागत किया गया। मशालें और हाथों में लहराते तिरंगे लिए नगरवासी, कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में इस रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान भारतीय सेना जिंदाबाद और शहीद अमर रहे। जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कारगिल के अमर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर नगर में देशभक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, जिला महामंत्री धर्मेश जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, नगर महामंत्री द्वय दौलतरामजी प्रजापत, सूरज मकवाना, सुबोध स्वामी,हिम्मत राठौड़,ओम जी चौहान, हरीकिशन लोहरवाड़, रवीन्द्र राणावत, लक्की गुर्जर, गिरधारी लाल सोनी, दीपक जैन, अमर सोलंकी, निलेश मेहता, योगेश जोनवाल, जुगन खेरिया, विजयसिंह सिसोदिया, मुकेश पुरोहित, अंकित चपलोद, अंकित कांकरिया, सुभाष रावल, अनिल जोशी, गोलू दुलगज, धर्मेश कवट , कमलेश प्रजापत, जगदीश बागड़ी, अभिषेक पोरवाल, मंडल उपाध्यक्ष रितु पांडे, हेमलता बागड़ी,सभापति भावना रावल,आशा पोरवाल, अनिता रघुवंशी, सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नागदा ने इस आयोजन के माध्यम से शहीदों के प्रति श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जयघोष के साथ हुआ। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव : हिंदी भाषा व नागरी लिपि संगोष्ठी

**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना केंद्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आगामी 2 और 3 अगस्त को 41वां राष्ट्रीय संचेतना महोत्सव आयोजित होगा। इसके अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का शताब्दी समारोह एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह एवं भारत माता अलंकरण अभिनंदन का आयोजन गांधी भवन श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।

डॉ. प्रभु चौधरी ने बताया कि समारोह के प्रथम दिवस 2 अगस्त शनिवार को शुभारंभ राष्ट्रीय नागरी लिपि संगोष्ठी एवं बहुभाषी कवि सम्मेलन एवं द्वितीय दिवस 3 अगस्त रविवार को प्रात: 10 बजे से राष्ट्रीय संगोष्ठी हिंदी भाषा का विश्व में बढ़ता प्रभाव सफलता एवं संभावना होगी। उपस्थित साहित्यकार शिक्षक एवं समाज सेवियों को 2025 का पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के शताब्दी वर्ष एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की त्रि शताब्दी वर्ष में विशिष्ट सम्मान भारत माता अलंकरण अभिनंदन अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना का संचेतना समाचार पत्र विषय संस्कृत शताब्दी का विमोचन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी भोपाल, डॉ करूणा शंकर उपाध्याय मुम्बई, डॉ. प्रकाश बरतूनिया पूर्व कुलाधिपति केंद्रीय डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, ब्रजकिशोर शर्मा पूर्व शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद उज्जैन, डॉ शैलेंद्रकुमार शर्मा विभाग अध्यक्ष हिंदी एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार भार्गव पूर्व संभाग आयुक्त, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोपाल डॉ. अनवर शेख प्राचार्य चॉइस कॉलेज पुणे, राजेंद्र गट्टानी भोपाल प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ, डॉ. हरीशकुमार सिंह सचिव मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन एवं डॉ. प्रभु चौधरी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री उज्जैन आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न होगा। आयोजक समिति द्वारा समस्त साहित्यकार बंधु भगिनी से अनुरोध किया है कि समारोह में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। समारोह संबंधी समस्त जानकारी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी उज्जैन, राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी, राष्ट्रीय संयोजक एवं डॉ अनीता तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भोपाल एवं सरोज दवे समारोह संयोजक भोपाल से संपर्क किया जा सकता है।

## मानव जन्म का सदुपयोग जिनवाणी श्रवण में करें : आचार्यश्री



**बड़नगर।** आपको मानव जन्म मिला है। इस जन्म का सदुपयोग जिनवाणी श्रवण में करे। जिनवाणी को हृदय में उतारने से जीवन में निष्चित ही परिवर्तन संभव है।

उक्त विचार रविवारिय प्रवचन मे आचार्य दिव्यानंद सुरिष्वरजी म.सा. ने व्यक्त करते हुए कहा कि आप अपनी सांसारिक क्रिया में समस्त व्यवहार का लेखा जोखा रखते है। कभी यह सोचा कि हमने धर्म क्षेत्र में क्या पाया। आपके घर परिवार में बच्चे पढ़ने जाते है, कोंचिग क्लास जाते है। बच्चों के होमवर्क की चिंता समूचे परिवार को रहती है। आप यहां से प्रवचन सुनकर जाते है इसका होमवर्क भी करते है या नही। जीवन में सदैव आत्म तत्व के प्रति श्रद्वा रखें चार दीवार में रहकर प्रवचन सुनने के साथ यह भी चिन्तन करें कि हम चौरासी लाख योनियों में भटक कर आए है। मानव जन्म भाग्य से मिला है।

प्रवचन में युवा मुनि अक्षयविजयजी म.सा ने कहा कि आप सज्जनता, सरलता, सहनशिलता का धैर्य पूर्वक अनुसरण करें। जिन शासन बहुत कुछ देने की ताकत रखता है। आप क्या ले रहे है इस पर मनन करें। भगवान ने श्रावक को आदर्श बनाकर उपदेश दिए है। उन्होने कहा कि प्रभु की देशना सुनने से सम्यग दर्कीशन प्राप्ति होती है। जिनवाणी में सर्वजन सुखाय व बहुजन हिताय की बात है। प्रभु का करूणा भाव रहता है। वे सभी पर प्रेम बरसाते है लेकिन हम प्रभु के प्रति क्या कर रहे है। भगवान को मंदिर नामक वृद्वाश्रम में छोड़ने से काम नही चलेगा। उनके बताये हुए मार्ग से ही जीवन का उद्वार होगा।

उन्होने कहा कि मंदिर, उपाश्रय व्यवस्था तंत्र है। धर्म सभी के लिए पूज्य है, अनुकरणीय है। जैसे देष चलाने का संविधान है वैसे ही प्रभू ने हमारे लिए भी संविधान का निर्माण किया है।

आचार्य संघ के दर्शन एवं प्रवचन सुनने के लिए उज्जैन एवं खाचरौद से धर्मालुजन आए। खाचरौद संघ के पारस मेहता एंव उज्जैन संघ के पंकज रूनवाल का बहुमान ज्ञान मंदिर में विजय गोखरू, संदीप मारू , सुरेश औरा, नीलेश राठौर ने किया।

चातुर्मास प्रवक्ता विजय गोखरू ने बताया कि दिव्य आराधना चातुर्मास में चल रहे कषाय जय तप के पन्द्रहवें दिन आयम्बिल तप किया गया। आयम्बिल तप का लाभ रमेशचन्द्र पीरूलाल ओरा परिवार ने लिया। साथ ही एक द्रव्य एकासने तप मे 70 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रभुश्री नेमिनाथ जन्म एंव दिक्षा कल्याणक के अवसर पर तीन दिवसिय उपवास (अठ्ठम तप) सोमवार से प्रारम्भ होंगे।



## 108 सामूहिक रामायण का संगीतमय पाठ बालाजी परिसर में प्रारंभ

**जगोटी।** मानव जीवन में निर्मल भाव से की गई भक्ति, भजन व कर्म हमें आवागमन के बंधन से मुक्त कर देते हैं। हनुमान जी ने भक्ति पथ से अजर अमर होने के साथ अष्टसिद्धियां का वरदान बिना मांगे पा लिया था।

हमारे द्वारा किए श्रेष्ठ कार्य सदियों तक याद किए जाते हैं अत: भगवान का स्मरण, सत्संग, कथा का श्रवण व अच्छे कार्य निरन्तर करते रहने से परमात्मा की कृपा व सानिध्य परोक्षरूप से मिल जाता है। उक्त उद्गार अवन्तिका रामानुज कोट पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने रविवार को जगोटी के बालाजी परिसर में स्व. सेठ राधा किशन हेड़ा व स्व. जगदीश चन्द्र हेड़ा की स्मृति में सामूहिक श्री 108 रामायण पाठ से पूर्व उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। आपने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से श्रेष्ठ बनता है सद्कर्म ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। इससे पूर्व श्री चारभुजा नाथ मंदिर से रामायण जी की शोभायात्रा व महिलाओं की कलश यात्रा निकली।

जिसका जगह-जगह पूजा अर्चना व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस धार्मिक आयोजन में विधायक दिनेश जैन, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश धाकड़, कांग्रेस नेत्री गौरी परुलेकर, रामेश्वर आंजना जमालपुरा, डॉ. विनोद वैरागी, सहित बड़ी संख्या विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन का संचालन अशोक हेड़ा ने किया। 108 रामायण पाठ की पूर्णाहुति सोमवार को भव्य धार्मिक आयोजन के साथ होगी।

## आलोक इंटरनेशनल स्कूल में रोपा एक पेड़ मां के नाम

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर जिस एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। उसे आगे बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस धरा को पुन:हरियाली से आच्छादित किया जा सके। इस पखवाड़े में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नगर की सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली शैक्षणिक संस्था आलोक इंटरनेशनल स्कूल ने भी अपनी सहभागिता दिखाई और विद्यालय परिसर में शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा पौधा रोपण किया गया तथा उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया गया। ताकि वे अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सके। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ, संजय जैन, प्राचार्य यामिनी पाटनकर, एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा, अभिषेक वशिष्ठ वं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और अपनी सहभागिता दिखाई।



## भार्गव महिला सभा ने मनाया तीज उत्सव



**उज्जैन।** भार्गव महिला सभा द्वारा तीज उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सावन का झूला सजा, नृत्य, हस्तकला प्रतियोगिता के साथ अंताक्षरी सहित विभिन्न आयोजन हुए। मीनू भार्गव के संयोजन में आयोजित महोत्सव में सभी महिला सदस्य आकर्षक एवं सुंदर परिधानों में शामिल हुई। कुमारी नमामि बड़नगर द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। हस्तकला स्पर्धा में चारु भार्गव प्रथम एवं बिंदु भार्गव द्वितीय रही। अंताक्षरी का आयोजन पायल भार्गव वं जूही भार्गव द्वारा किया प्रीति भार्गव एवं रजनी भार्गव रेवाड़ी विशेष रूप से उपस्थित थी। संचालन जय भार्गव द्वारा किया गया। आभार रूपल भार्गव ने माना। अंत में सभी सदस्यों को उपहार भेंट किए गए। मीनू भार्गव को समस्त व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया गया।

**आक्रोश** — कार्रवाई की उठाई मांग, प्रदर्शन कर न्यायदेव शनि महाराज की तस्वीर के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया

## नाबालिग बालक के जबरन खतना मामले ने पकड़ा तूल, हिंदू संगठनों ने फिर घेरा आईजी कार्यालय

**उज्जैन। उज्जैन निवासी एक नाबालिग बालक, जो अपनी मां रानी बेग के साथ रहता है, उसके कथित जबरन खतना मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। आरोप है कि थाना प्रभारी रानी बेग ने अपने पहले पति से जन्मे इस बच्चे का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया, ताकि वह अपने दूसरे पति तारीक हुसैन के साथ आराम से रह सके।**



हिंदूवादी संगठनों और वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को इसी मुद्दे पर एक बार फिर उज्जैन आईजी कार्यालय पर प्रदर्शन कर न्यायदेव शनि महाराज की तस्वीर के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदसौर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में रानी बेग, उसके दूसरे पति तारीक हुसैन और देवास के एक मुस्लिम धर्मगुरु ने मिलकर उज्जैन निवासी इस नाबालिग बालक प्रिंस झांझोट का कथित तौर पर जबरन खतना कराया। बालक वर्तमान में अपनी मां रानी बेग के साथ उज्जैन में ही रह रहा है।

हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने बताया कि एक वर्ष से अधिक समय से आईजी कार्यालय, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, डीजीपी, मुख्य सचिव, मंदसौर एसपी और देवास पुलिस को साक्ष्यों सहित कई ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक न तो रानी बेग, न तारीक हुसैन और न ही धर्मगुरु पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है।

आरोप यह भी है कि बालक का नाम वैदिक सनातन धर्म से बदलकर प्रिंस मलिक कर दिया गया वही अपने कश्मीरी पति तारिक हुसैन को मध्यप्रदेश का स्थाई निवासी बनाने के लिए बिजली बिल में भी हेरा फेरी कर आधार कार्ड बनवाया और समग्र आईडी में भी अवैध बदलाव किया गया। संगठन ने इसे मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का उल्लंघन बताया है। इसके अलावा आरोप है कि रानी बेग ने संपत्ति हड़पने की नीयत से नाबालिग के पिता राजकुमार झांझोट पर झूठे प्रकरण दर्ज करवाए।

पूर्व में भी इसी मामले को लेकर चार बार आईजी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया और 16 हिंदूवादी संगठनों ने विशाल धरना देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी के चलते शुक्रवार को संगठनों ने फिर आईजी कार्यालय पहुंचकर न्यायदेव शनि महाराज की तस्वीर के समक्ष न्याय की गुहार लगाई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी ले जाया जाएगा।

ज्ञापन सौंपते समय आदर्श वाल्मीकि महापंचायत अध्यक्ष राकेजी गिरजे, चंदर पहलवान टाक, कमल फतरोड, राज कल्याणे, संदीप पारोचे, गुरुचरण कलोसिया, योगेश डागर, मध्य प्रदेश युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के प्रदेश अध्यक्ष मुरली निगम, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, विशाल नागर हरि चरण मेवाड़ा, किशोर पोरवाल, सोनू सिंह ठाकुर, राहुल जाट, राहुल चावड़ा, आशिश साहू, दिवाकर उपाध्याय, नीलेशानद महाराज,बसंतोष दीदी ठाकुर सहित कई सनातनी मौजूद थे।